# समाचार

## सफाई कार्यो हेतु 09 करोड़ 10 लाख रू.की स्वीकृति दी एम.आई.सी. ने

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता तथा आयुक्त श्री रणबीर शर्मा की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक)



कोरबा 10 नवम्बर 2017 –निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के विभिन्न वार्डो की सफाई व्यवस्था हेतु 09 करोड़ 10 लाख रूपये के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वर्तमान में किए जा रहे ठेका कार्यो की कार्य अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति एम.आई.सी. द्वारा दी गई, साथ ही कोरबा के लिए तैयार की गई स्मार्ट सिटी परियोजना का भी अनुमोदन एम.आई.सी. द्वारा किया गया।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता तथा आयुक्त श्री रणबीर शर्मा की विशेष उपस्थिति में आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित प्रथम तल के सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में निगम के 43 वार्डो में सफाई कार्य ठेके पर देने संबंधी 09 करोड़ 10 लाख रूपये के प्रस्तावों को एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। निगम के वार्ड क्र. 07, 08, 10 मोतीसागरपारा में सफाई कार्य हेतु 63 लाख 32 हजार रूपये, वार्ड क्र. 11 नई बस्ती कोरबा हेतु 55 लाख 58 हजार रूपये, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार क्षेत्र हेतु 41 लाख 25 हजार रूपये, वार्ड क्र. 01, 04, 05, 06 पुरानी बस्ती कोरबा हेतु 82 लाख 50 हजार रूपये, वार्ड क्र. 22, 23 शिवाजीनगर व पं.रविशंकर शुक्लनगर क्षेत्र हेतु 53 लाख 45 हजार रूपये, वार्ड क्र. 20, 21 बुधवारी व कांशीनगर क्षेत्र हेतु 42 लाख 87 हजार रूपये, वार्ड क्र. 12, 26 व 27 मुड़ापार, रामनगर क्षेत्र हेतु 67 लाख 21 हजार रूपये, वार्ड क्र. 17, 18, 31, 32, 33 हेतु 48 लाख 58 हजार रूपये, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी हेतु 25 लाख 02 हजार रूपये, वार्ड क्र. 28 आर.पी.नगर क्षेत्र हेतु 63 लाख 29 हजार रूपये, वार्ड क्र. 22, 23, 24, 25, एम.पी.नगर, साड़ा कालोनी क्षेत्र हेतु 64 लाख 54 हजार रूपये, वार्ड क्र. 02, 03, 13, 14 टी.पी.नगर क्षेत्र में सफाई कार्य हेतु 01 करोड़ 31 लाख 27 हजार रूपये, वार्ड क्र. 56 हेतु 34 लाख 05 हजार रूपये, वार्ड क्र. 65, 66, 67 हेतु 53 लाख 20 हजार रूपये, वार्ड क्र. 54, 58, 59 हेतु 37 लाख 20 हजार रूपये तथा वार्ड क्र. 51, 52 व 53 क्षेत्र में सफाई कार्य हेतु 46 लाख 70 हजार रूपये के निविदा पश्चात के प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल ने अपनी पृथक–पृथक स्वीकृतियां प्रदान की।

**पूर्व पारित प्रस्ताव का कियान्वयन सुनिश्चित हो**– बैठक के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अनुमति से मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री दिनेश सोनी ने निगम के शिलान्यास, भूमिपूजन, लोकार्पण व सामग्री वितरण कार्यक्रमों के संबंध में पूर्व बैठक दिनांक 01.11.2017 में लिए गए निर्णय का कड़ाई के साथ पूर्ण क्रियान्वयन किए जाने का प्रस्ताव रखा। यहां उल्लेखनीय है कि एम.आई.सी.सदस्यों द्वारा पूर्व की उक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि निगम के शिलान्यास, भूमिपूजन, लोकार्पण व सामग्री वितरण आदि के कार्यक्रम महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही आयोजित किए जाएं। एम.आई.सी. सदस्य श्री दिनेश सोनी ने अपने उक्त प्रस्ताव में अभी हाल ही में आयोजित डस्टबिन वितरण कार्यक्रम महापौर श्रीमती अग्रवाल की बिना अनुमति आयोजित किए जाने को एम.आई.सी. के निर्णय की अवहेलना बताते हुए उक्त निर्णय के पूर्ण क्रियान्वयन हेतु पुनः निर्णय लिए जाने का आग्रह सदस्यों से किया, जिस पर समस्त उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पूर्व की उक्त बैठक में

लिए गए निर्णय का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा महापौर की अनुमति प्राप्त कर लेने के पश्चात ही इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, इस्माईल कुरैशी, डॉ.गोपाल कुर्रे, सुनील पटेल, सीताराम चौहान, भुनेश्वरी देवी, सुनीता राठौर, देवीदयाल सोनी, मनकराम साहू, रामगोपाल यादव, विनीत एक्का, अधीक्षण अभियंता भागीरथ वर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ग्यास अहमद एवं आर.के. माहेश्वरी, निगम सचिव पवन वर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, डी. सी.सोनकर, के.पी.दहायत, विनोद शांडिल्य आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।